आरोप

ग्राम पंचायत ककैया में भ्रष्टाचार और अवैध रेत उत्खनन का आरोप, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पंचायत भवन पर ताला लगाने की दी चेतावनी

भुआबिछिया। विकासखंड भुआबिछिया की ग्राम पंचायत ककैया के पोषक ग्राम कछारी में सरपंच और उपसरपंच की कथित मनमानियों और भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर जन आक्रोश प्रस्ताव पारित किया है और जिला कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार और अवैध रेत उत्खनन की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्यों को बंद कर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे पंचायत भवन में तालाबंदी करेंगे।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कछारी में ग्राम पंचायत द्वारा कराए जा रहे कई विकास कार्य गुणवत्ताहीन और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं कि शमशान घाट सड़क निर्माण कार्य में पंचायत द्वारा भारी लापरवाही बरतते हुए पूरी तरह से गुणवत्ताहीन और घटिया स्तर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मुक्तिधाम रोड पर ठेकेदार ओमप्रकाश एवं उपसरपंच शिवप्रकाश द्वारा दो ऐसी पुलियाओं का निर्माण कराया जा रहा है जिनकी वहां कोई आवश्यकता ही नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना जरूरत जबरन पुलिया बनाकर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे आगामी बरसात में गांव में भारी बाढ़ का खतरा पैदा हो जाएगा। इसके साथ ही प्राथमिक शाला कछारी में बनाई जा रही बाउंड्रीवाल का निर्माण बिना कॉलम के ही किया जा रहा है, जो बेहद कमजोर और असुरक्षित है।

सुरपन नदी से किया जा रहा अवैध रेत उत्खनन

शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों से सुरपन नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर उसका भंडारण और विक्रय किया जा रहा है। इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों द्वारा नदी का सीना छलनी करने से गांव का जलस्तर लगातार नीचे गिर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई, तो उन्हें डराया-धमकाया गया। इतना ही नहीं विगत 13 जून को जब ग्रामीणों ने अवैध उत्खनन रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने ग्रामीणों के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की, जिससे ग्रामीणों ने बमुश्किल भागकर अपनी जान बचाई।

सरपंच-सचिव शिकायत पर नहीं दे रहे ध्यान

ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने इन समस्याओं को लेकर सरपंच से बात की, तो उनके द्वारा ग्रामीणों को डराने और झूठे केस जिसमें एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में फंसाने की धमकी दी गई। इस संबंध में जब ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के सीईओ से संपर्क साधने की कोशिश की तो उनसे बात नहीं हो सकी। वहीं ककैया पंचायत के सचिव ने पूर्व में 5 जून को ग्राम सभा आयोजित करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक ग्राम सभा आयोजित नहीं की गई।

लगातार उपेक्षा से नाराज होकर डिमाकू लाल, निरंजन, शारदा, प्रभात, रूपलाल, प्रताप, नरबदिया, अनुसूईया, समनी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षर कर जिला प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने और इन अवैध व गुणवत्ताहीन कार्यों पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कहा है कि यदि जल्द उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो समस्त ग्रामीण ककैया पंचायत भवन में ताला लगा देंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की होगी।

जांच-परख के बाद पंचायतें लें जल जीवन मिशन के कार्य

मुकास खुर्द में जनकल्याण शिविर संपन्न, सांसद फग्गन सिंह ने दी नसीहत

नारायणगंज। नारायणगंज विकास खंड अंतर्गत बबलिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुकास खुर्द के छपरा चौराहा पर आपकी सरकार आपके द्वार के जनकल्याण शिविर का आयोजन आयोजित हुआ। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने भारी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में निवास विधायक चैन सिंह बरकड़े, जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीया और जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा मंचासीन रहे।

शिविर को संबोधित करते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि केंद्र और मध्य प्रदेश की सरकार हर गरीब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने देश में चल रही वन नेशन वन राशन कार्ड जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अब राशन का टोकन लेकर आप किसी भी राज्य में जाएंगे तो वहां आपको निशुल्क या सस्ती दरों पर राशन मिल जाएगा। जल जीवन मिशन और अन्य निर्माण कार्यों को लेकर उन्होंने सरपंच-सचिवों और ग्रामीणों को कड़ी नसीहत देते हुए कहा कि ठेकेदार द्वारा निर्माण पूरा करने के बाद जब तक 1 से 4 महीने तक पानी का सफल टेस्ट न कर लिया जाए, तब तक पंचायतें इस योजना को अपने अधिकार में न लें। ग्रामीण और पंचायत पदाधिकारी जब पूरी तरह संतुष्ट हो जाएं, तभी बिल्डिंग या नल-जल योजना को हैंडओवर लें, अन्यथा संबंधित विभाग को शिकायत करें। उन्होंने विकास कार्यों में ग्रामीणों की भागीदारी की भी बात कही। इसके साथ ही विधायक चैन सिंह और जनपद अध्यक्ष आसाराम ने भी जनकल्याण योजनाओं को लेकर अपना उद्बोधन दिया।

इस शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 118 आवेदन ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किए गए। विभागवार प्राप्त आवेदनों में राजस्व विभाग से 47 आवेदन, जनपद पंचायत कार्यालय नारायणगंज 27 आवेदन, सहकारिता विभाग के 11 आवेदन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के 10 आवेदन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के 08 आवेदन, पशु चिकित्सा विभाग के 07 आवेदन, विद्युत विभाग के 04 आवेदन, शिक्षा विभाग के 02 आवेदन, आबकारी विभाग का 01 आवेदन, सामाजिक न्याय एवं जिला चिकित्सालय का 01 आवेदन प्राप्त हुआ। सभी विभागों को उनके संबंधित आवेदन तत्काल सौंप दिए गए हैं, लेकिन अभी तक किसी भी आवेदन का अंतिम निराकरण नहीं हो सका है। सांसद ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि सभी आवेदनों का तत्काल निराकरण कर जनता को राहत पहुंचाई जाए।

महाराजपुर में जुआ फड़ पर छापा, चार गिरफ्तार

पुलिस ने मौके से 2.22 लाख रुपये का मशरूका किया जब्त

मंडला। जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस की प्रभावी कार्यवाही जारी है। महाराजपुर थाना पुलिस ने मोहनटोला, घंसौर रोड स्थित एक स्थान पर जुआ फड़ पर छापा मारकर चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से नकदीक, ताश के पत्ते, स्कूटी और मोबाइल फोन सहित कुल 2 लाख 22 हजार 500 रुपये का मशरूका जब्त किया है।

महाराजपुर प्रभारी निरीक्षक क्रांति कुमार ब्रह्मे के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मोहन टोला घंसौर रोड पर कुछ लोग ताश के पत्तों से हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर घेराबंदी कर जुआ रेड मारी गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार जुआरियों को पकड़ा। इनमें ग्राम बिछुआ निवासी 27 वर्षीय युवक गोविंद मार्को, संगम कॉलोनी निवासी 49 वर्षीय रमाकांत सिंगौर, संगम कॉलोनी निवासी 42 वर्षीय श्याम सुनेश और ग्राम बिछुआ निवासी 34 वर्षीय युवक निखिल राय शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 52 हजार 500 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते, लगभग 1 लाख रुपये कीमत की एक स्कूटी और लगभग 70 हजार रुपये कीमत के तीन मोबाइल फोन जब्त किए। कुल 2 लाख 22 हजार 500 रुपये का मशरूका जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। कार्रवाई निरीक्षक क्रांति कुमार ब्रह्मे, उप निरीक्षक लक्ष्मीचंद बिसेन, सहायक उप निरीक्षक रमेश पाल, प्रधान आरक्षक मार्वन वरकड़े, आरक्षक चंद्रशेखर, संदीप परसाम, सुंदर भलावी, शिवा नाविक एवं विष्णु जंभोरे शमिल रहे।

नुक्कड़ नाटक कर डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव का पढ़ाया पाठ

खमरोटी, रामनगर व नकावल में शिविर लगाकर दी गई योजनाओं की जानकारी

भुआबिछिया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नागरिकों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने और सुरक्षित बैंकिंग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड बिछिया और घुघरी के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सीएफएल सेंटर बिछिया एवं समर्पित संस्था द्वारा एक अनूठी पहल की गई है। इस विशेष अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए मनोरंजक और ज्ञानवर्धक नुक्कड़ नाटकों का सहारा लिया जा रहा है, जो ग्रामीणों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

संस्था के समर्पित स्टाफ द्वारा विकासखंड बिछिया के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरोटी, ग्राम पंचायत रामनगर, ग्राम पंचायत नकावल तथा विकासखंड घुघरी की ग्राम पंचायत जुनवानी व टिकरिया में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन शिविरों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेहद सरल अंदाज में ग्रामीणों को केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जिसमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया गया और उन्हें इन योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

धोखाधड़ी से बचाव के सिखाए गुर

शिविर के दौरान मौजूद ग्रामीणों और बैंक ग्राहकों को वर्तमान समय में बढ़ रहे ऑनलाइन और डिजिटल बैंकिंग फ्रॉड से बचने के उपाय सिखाए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आगाह किया कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक पासवर्ड या पिन शेयर न करें। इसके साथ ही बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सहयोग से ग्रामीणों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं और आसान ऋण प्रक्रियाओं की महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गईं।

बैंक स्टाफ रहा मौजूद

इस अभियान में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शाखा प्रबंधक गजेंद्र बघेल, मनोज सोनवानी सहित बैंक का समस्त स्टाफ सक्रिय रूप से शामिल रहा। इसके साथ ही इस अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में समर्पित संस्था बिछिया के ब्लॉक स्टाफ, जिनमें सीएफएल एआरओ लक्ष्मी पटेल, स्वाति सोनी, आस्था सोनी, कमलेश दुबे और नरेश गायकवाड़ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अभियान की सराहना करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से उन्हें बैंक और अपनी जमा पूंजी को सुरक्षित रखने की सही जानकारी मिल रही है।

आशा देवी शुक्ला का निधन

नैनपुर। नैनपुर नगर की कर्मठ भाजपा व संघ से जुड़ी पूर्व मनोनीत पार्षद श्रीमती आशा देवी शुक्ला का गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया। वे स्वर्गीय व्यास नारायण शुक्ला की धर्मपत्नी और पूर्व भाजपा जिला महामंत्री अखिलेश शुक्ला एवं विकास शुक्ला की माता थीं। उनके निधन से भाजपा संगठन ने एक सक्रिय कार्यकर्ता खो दिया है। नैनपुर नगर समेत जिले के सामाजिक कार्यकर्ताओं, मीडियाकर्मियों और परिजनों ने उन्हें अश्रुपूरित अंतिम विदाई दी।

मझगांव में घर की दीवार तोड़कर लाखों के जेवरात पार, जांच में जुटी पुलिस



आंगन में सोता रहा परिवार, चोरों ने दीवार तोड़कर साफ किए गहने

नारायणगंज/मंडला। जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मझगांव पोतला में बीती रात चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने शातिर तरीके से घर की खिड़की की दीवार तोड़कर भीतर प्रवेश किया और दो अलमारियों के लॉक तोड़कर भारी मात्रा में सोने और चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।

जानकारी अनुसार घटना पोतला निवासी हरे सिंह पिता हीरा सिंह पंद्रे के घर पर रात करीब 11 बजे से सुबह 4 बजे के बीच घटित हुई। गर्मी के कारण हरे सिंह और उनका पूरा परिवार घर के आंगन में सो रहा था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर के एक खाली कमरे की खिड़की की दीवार को ढहा दिया। चोरों ने कमरे के अंदर रखी दो अलमारियों और एक पुरानी पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब परिवार के लोग जागे और कमरे के अंदर गए, तो अलमारियों के ब्लॉक टूटे हुए और सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए।

चोरों ने सोने, चांदी के आभूषण किये पार-पीड़ित परिवार द्वारा टिकरिया थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि घर से चोरी गए सामान में बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण शामिल हैं। जिसमें एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी झाले, एक छोटा मंगलसूत्र, एक बड़ा मंगलसूत्र, चार अंगूठी और दो सोने की लौंग शामिल है। चांदी के जेवर में दो छोटी पायल, दो बड़ी पायल, चार बाजे, चार अंगूठी, दो जोड़ी कंगन, एक हाफ करधन, एक बड़ी करधन, 30 जोड़ी बिछिया, दो अंगूठी बिछिया, दो जोड़ी पायल और एक बड़ी पायजेब है।

मौके पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू-घटना की सूचना मिलते ही टिकरिया थाना प्रभारी प्रदीप पांडे, सब-इंस्पेक्टर श्री ताराम और पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं और अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान मौके पर ग्राम सरपंच गुंजन भारतीया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। पुलिस का कहना है कि चोरों की तलाश के लिए जल्द ही संदिग्धों से पूछताछ की जाएगी।

बेटी की मौत को बीते दो महीने, पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

मंडला। जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में एक गंभीर मामला सामने आया है। जिसमें परिजनों का आरोप है कि घटना को दो महीने बीत चुका है, लेकिन पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई या पूछताछ नहीं की गई है। शिकायती पत्र में प्रार्थी शिव बैरागी ने 24 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद 29 मार्च को भूमिका का शव कुंभ स्थल पर रेत में दबा हुआ मिला था। हैरान करने वाली बात यह है कि उसी स्थान से कुछ ही दूरी पर मंगल नंदा नामक एक लड़के का शव भी फांसी पर लटका हुआ पाया गया था, जो कि 24 मार्च से अपने घर से गायब था।

एक ही मंच पर मिल रहा योजनाओं का लाभ और समाधान

भुआ बिछिया में त्रि-दिवसीय जनकल्याण शिविर शुरू

भुआ बिछिया। शासन की मंशानुरूप और जिला कलेक्टर के दिशा-निर्देशों के पालन में आमजन को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिले में लगातार जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर परिषद भुआ बिछिया के प्रांगण स्थित विनोद रंगमंच में सोमवार, 15 जून से तीन दिवसीय भव्य जनकल्याण शिविर का शुभारंभ हुआ, जो आगामी 17 जून तक संचालित रहेगा।

बांटे गए हितलाभ-शिविर के पहले दिन विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी अपने-अपने स्टॉल पर मुस्तैद नजर आए। अधिकारियों द्वारा शिविर में आए नागरिकों के आवेदनों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण किया गया और अधिकांश जनसमस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से पात्र नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्रों सहित अन्य शासकीय योजनाओं के हितलाभ प्रदान किए गए।

सांसद और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद- यह शिविर क्षेत्र के वरिष्ठ राजनेताओं, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में बेहद गरिमामय माहौल में संचालित हुआ। शिविर में मुख्य रूप से मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत मंडला के अध्यक्ष संजय कुशराम और नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी उपस्थित रहीं। इनके अलावा मंच पर नीरत भट्ट, अशोक नानकानी, शशिकांत श्रीवास्तव, विजय आनंद मरावी, प्यारे लाल कोराम, चन्द्र कुमार झारिया, जमुना यादव, योगेश यादव, सोभित रावत, नरेश राजपूत, ओमप्रकाश यादव, राकेश यादव, देवी यादव, अतुल कटारे, सुनीता ताम्रकार, उपयंत्री एच.आर. कुरैशी, नारायण परते, अशोक यादव, संदीप राजपूत, मनोज निगम, अनिता रजक, कौशल्या तेकाम सहित नगर के अनेक गणमान्य और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

सीसी सड़क निर्माण मामले में 7 दिवस में रिपोर्ट देने के निर्देश, लेकिन अब तक नहीं हुई जांच

जनपद नारायणगंज में जांच टीम गठित, फिर भी जांच लंबित

नारायणगंज। जनपद पंचायत नारायणगंज मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत पड़रिया उर्फ नारायणगंज में महिला एवं बाल विकास कार्यालय से लोक सेवा केंद्र तक निर्मित सीसी सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं और गुणवत्ता संबंधी शिकायतों को लेकर समाचार प्रकाशित किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जनपद पंचायत नारायणगंज के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जांच दल का गठन कर 7 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए थे।

प्राप्त दस्तावेज के अनुसार, जनपद पंचायत द्वारा जारी स्मरण पत्र में जांच दल के सदस्यों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि शिकायत की जांच कर निर्धारित समय सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में जारी आदेश के बावजूद जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही शिकायत की वास्तविक जांच की गई है। दस्तावेज में यह भी कहा गया है कि यदि संबंधित अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय में जांच पूरी कर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु मामला वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा। गौरतलब है कि सीसी सड़क निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं को लेकर क्षेत्र में लगातार चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब गंभीर शिकायतों के बाद भी जांच प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं होती, तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना कठिन हो जाता है। लोगों का मानना है कि जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन किया जाना आवश्यक है, ताकि आम जनता का प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

निगम और राजस्व विभाग की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

जनप्रतिनिधियों ने कमिश्नर प्रतिनिधि से की लिखित शिकायत

बबलिया/नारायणगंज। केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार की संयुक्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत नारायणगंज में विशेष जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। हालांकि सरकार और जिला प्रशासन की इस बेहद महत्वपूर्ण मंशा को धरातल पर स्थानीय अधिकारियों की घोर लापरवाही का सामना करना पड़ा। शिविर में कई प्रमुख विभागों के अधिकारियों के नदारद रहने के कारण ग्रामीणों को योजनाओं की समुचित जानकारी नहीं मिल सकी, जिससे जनप्रतिनिधियों का गुस्सा फूट पड़ा।

बताया गया कि जल निगम विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर उपस्थित ही नहीं हुए, अधिकारियों के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये को लेकर जनपद पंचायत अध्यक्ष आसाराम भारतीया और जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने मंच से दो टूक शब्दों में कहा कि आगामी जन कल्याणकारी शिविरों में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनप्रतिनिधियों ने सीधे कमिश्नर प्रतिनिधि से संपर्क साधा और उनके समक्ष मौजूद नोट शीट में लिखित रूप से अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

अनूठी पहल

एक ही प्लेटफॉर्म पर टिकट बुकिंग से लेकर भोजन ऑर्डर करने तक की सुविधाएं

काउंटरों पर क्यूआर कोड स्कैन कर डाउनलोड करें रेलवन ऐप

नैनपुर। भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को आधुनिक, त्वरित और सुविधाजनक डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में उठाया गया कदम तेजी से रंग ला रहा है। रेलवे द्वारा विकसित एकीकृत मोबाइल एप्लीकेशन रेलवन ऐप रेल यात्रियों के बीच बेहद लोकप्रिय हो रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा किए जा रहे व्यापक प्रचार-प्रसार के चलते डिजिटल टिकटिंग का दायरा लगातार बढ़ रहा है और अब तक देश भर में करोड़ों यात्री इस ऐप का लाभ उठा रहे हैं।

एक ही ऐप में मिलेंगी रेलवे की तमाम सुविधाएं

पिछले वर्ष जुलाई में शुरू किए गए इस ऐप की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह यात्रियों को एक ही मंच पर कई महत्वपूर्ण सेवाएं रियल टाइम में प्रदान करता है। रेलवन ऐप की प्रमुख विशेषताओं में ऐप के माध्यम से यात्री आरक्षित, अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट आसानी से बुक कर सकते हैं। साथ ही टिकट कैंसिलेशन और रिफंड की प्रक्रिया भी बेहद सरल व तेज है। यात्री अपने मोबाइल पर ही पीएनआर स्टेटस, वेटिंग लिस्ट, लाइव ट्रेन रनिंग स्टेटस, ट्रेन के आगमन-प्रस्थान का समय, प्लेटफॉर्म नंबर और कोच पोजीशन जैसी सटीक जानकारियां देख सकते हैं। घर बैठे या कहीं से भी टिकट बुक होने के कारण काउंटरों पर लगने वाली लंबी कतारों और भीड़ से राहत मिली है। यह ऐप पारदर्शी व्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ ही खुल्ले पैसों के झंझट और जाली नोटों के खतरे से भी मुक्ति दिलाता है। यात्रा को और अधिक आरामदायक बनाने के लिए रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री चलती ट्रेन में अपना पसंदीदा भोजन ऑर्डर कर सकते हैं, जिसे सीधे उनकी सीट तक पहुंचाया जाता है। डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने के लिए रेलवे द्वारा एक विशेष ऑफर भी दिया जा रहा है। इसके तहत ऐप से अनारक्षित टिकट बुक कर डिजिटल भुगतान करने वाले यात्रियों को 3 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है, जो 14 जुलाई तक प्रभावी रहेगी।

नागपुर मंडल ने स्टेशनों पर चलाया जागरूकता अभियान

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने बताया कि रेलवन ऐप भारतीय रेल की डिजिटल सेवाओं को एक मंच पर लाने की दिशा में एक बड़ी क्रांति है। मंडल द्वारा यात्रियों को आधुनिक सुविधा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। स्टेशनों के बुकिंग काउंटरों पर विशेष रेलवन ऐप स्टिकर लगाए गए हैं, जिन पर प्रदर्शित कोड को स्कैन करके यात्री सीधे ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार घोषणाएं की जा रही हैं, तथा वाणिज्य विभाग द्वारा हेल्प डेस्क लगाकर यात्रियों को जागरूक और प्रशिक्षित किया जा रहा है।